PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, गुरुवार 11 जून, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## राम मंदिर दान विवाद में नया मोड़, एक और महंत ने उठाए सवाल

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि की कथित हेराफेरी का मामला अब और गहराता जा रहा है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह द्वारा प्रधानमंत्री को शिकायत भेजे जाने के बाद यह मुद्दा पीएमओ तक पहुंच गया है। इसी बीच राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के अचानक अयोध्या दौरे और बंद कमरे में हुई बैठक ने चर्चाओं को और तेज कर दिया है। हालांकि बैठक की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले में अब महंत कमल नयन दास ने भी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरोपों और जांच प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा हो रहा है, इसलिए सच्चाई सामने आनी चाहिए। वहीं महंत बालयोगी रामदास ने भी चढ़ावे की राशि में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने आरोपों की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह मामला आस्था, जवाबदेही और पारदर्शिता का बड़ा विषय बन गया है।



## Uttarakhand: गर्भवती पत्नी का कराया लिंग परीक्षण बेटी होने पर ढाया कहर, करंट लगाया, क्रूरता की हदें पार





**देहरादून। सहसपुर क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ हुई अमानवीय क्रूरता ने सभी को झकझोर दिया है। आरोप है कि पति ने अवैध रूप से गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कराया और बेटी होने की जानकारी मिलने के बाद पत्नी को बेरहमी से प्रताड़ित किया, जिससे गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पीड़िता के परिजनों के अनुसार आरोपी पति बबलू अपनी गर्भवती पत्नी को हरियाणा के पानीपत ले गया, जहां कथित रूप से लिंग परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसका व्यवहार बदल गया और उसने पत्नी के साथ मारपीट व यातनाएं देना शुरू कर दिया।**

परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने महिला को करंट लगाया और बुरी तरह पीटा। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचा और महिला को बचाकर अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता के पिता ने आरोपी को हिस्ट्रीशीटर बताते हुए परिवार की सुरक्षा की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## महिला से चेन झपटकर भागे 9 युवक, ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा



मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुम्मा क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्रामीणों की सतर्कता से नौ आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गुम्मा निवासी पूनी देवी बुधवार शाम सड़क किनारे अपनी सब्जी की दुकान लगा रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार होने लगे। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण तुरंत सक्रिय हो गए और आरोपियों का पीछा किया। ग्रामीणों ने कुछ दूरी पर सभी नौ युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची जोगिंद्रनगर पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी युवक पंजाब के रहने वाले हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों का किसी बड़े गिरोह से संबंध है या नहीं। वहीं स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## 25 सेकंड में पिता-पुत्र की हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा



बागपत। बड़ौत में टेंट व्यापारी सोहनलाल अग्रवाल और उनके बेटे विकास अग्रवाल की दिनदहाड़े हुई हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दोनों को तीन-तीन गोलियां मारी गई थीं। सोहनलाल के पेट में दो और जांघ में एक गोली लगी थी, जबकि विकास के कंधे में लगी गोली दिल में धंस गई। उसके हाथ और पीठ में भी गोली लगने के निशान मिले हैं। जानकारी के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर वरुण अपने साथियों के साथ व्यापारी की दुकान पर पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पिता को बचाने के लिए बेटा विकास बदमाशों से भिड़ गया, लेकिन हमलावरों ने उसे भी निशाना बना लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई और महज 25 सेकंड में दोहरी हत्या को अंजाम दे दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। व्यापारियों ने बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में एक आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## राज्यसभा चुनाव विवाद: मीनाक्षी नटराजन मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस



भोपाल। मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के मामले में कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि नामांकन गलत तरीके से खारिज किया गया, जबकि भाजपा ने शपथ पत्र में जानकारी छिपाने के आरोप लगाया है। चुनाव आयोग से अब तक कोई फैसला नहीं आया है। मामले पर सभी की नजरें टिकी हैं। जिसके आधार पर नामांकन निरस्त किया गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की है।

## यूपी: प्रदेश में आज से मौसम में होगा बड़ा बदलाव आंधी के साथ इन जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी



**Weather in UP:** गर्मी और तपिश के बीच यूपी में आज से मौसम बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में आज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच आज से मौसम में बदलाव की आहट है। बृहस्पतिवार को नए विक्षोभ के असर से प्रदेश में आंधी बारिश का दौर शुरु होने वाला है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के 45 जिलों में गरज चमक और तेज रफ्तार वाली हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हवाओं की रफ्तार 40 से 70 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। वहीं तराई और पश्चिमी यूपी समेत 56 जिलों में ओलावृष्टि और बूंदबांदी की भी संभावना जताई गई है। इस मौसमी बदलाव से फौरी तौर पर तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। बुधवार को सुबह यूपी के नोएडा-गाजियाबाद, संभल जैसे कुछ पश्चिमी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में प्रचंड गर्मी का प्रकोप रहा। 45.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं झांसी, प्रयाराज, अमेठी और कानपुर में भी भयानक तपिश रही। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 11 जून से यूपी में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज हवाएं और बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

## UP: राम मंदिर दान प्रकरण में नया मोड़ एक और महंत की एंट्री, बोले- मन में संदेह पैदा हो रहा मिले ये संकेत



राम मंदिर में दान राशि की कथित हेराफेरी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग तेज हुई है। कई संतों और जनप्रतिनिधियों ने सच्चाई सामने लाने पर जोर दिया है। श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए जवाबदेही और पारदर्शिता को आवश्यक बताया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि की हेराफेरी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंच गया है। भाजपा नेता रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को इस संबंध में एक शिकायती पत्र भेजा था। इस प्रकरण ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र सोमवार को अचानक अयोध्या पहुंचे थो, उन्होंने बंद कमरे में एक बैठक की, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, अब एक और महंत की एंट्री हो गई। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान व्यवस्था को लेकर उठे विवाद पर महंत कमल नयन दास ने कहा कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जांच करने वालों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिससे लोगों के मन में संदेह पैदा हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, मिश्र ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मंदिर की व्यवस प्रमुख अधिकारियों के साथ भी विस्तृत बात की। यह बैठक पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। इसकी कार्यसूची को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। बैठक के बाद वह मंगलवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। राम मंदिर में दान राशि को लेकर उठे विवाद और उसके तुरंत बाद नृपेंद्र मिश्रतक पहुंच सकती है।

## यूपी: 2017 से 2021 के बीच प्रदेश में माफ हुए थे 13 लाख लोगों के चालान इनमें से चार लाख को भरना होगा जुर्माना





**Challan on the road:** यूपी में 2017 से 2021 के बीच 13 लाख लोगों के चालान माफ किए गए थे। अब सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद इनमें से चार लाख को यह जुर्माना भरना होगा। प्रदेश में वर्ष 2017 से 2021 के बीच सरकार की ओर से माफ किए गए करीब 13 लाख वाहनों के चालानों की फिर जांच होगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गंभीर अपराधों में हुए चालानों की माफी पर चिंता जताने के बाद यह निर्णय हुआ इसमें गंभीर अपराधों वाले चालानों को फिर सक्रिय किया जाएगा। परिवहन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चालान फिर सक्रिय करने के लिए तीन श्रेणियां तय की गई हैं। इससे माफ हुए चालानों में से करीब चार लाख (30 से 35 फीसदी) मामलों में सजा या जुर्माना हो सकता है। परिवहन विभाग चालानों की जांच के लिए सभी जिलों में एक कमेटी बनाएगा जो चालानों की समीक्षा करेगी। विभाग चिह्नित तीन श्रेणी के चालानों को खोजकर उन्हें फिर सक्रिय करेगा। इससे संबंधित वाहन मालिकों को उन चालानों को भरना होगा या नियमानुसार कार्रवाई होगी। दरअसल, सरकार ने एक तरफ से सभी चालान माफ कर दिए थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई थी।

## UP: 'दोनों बचकर न जाएं' कत्ल से पहले हुआ झगड़ा चार माह पहले लव मैरिज करने वाले युवक की हत्या में नया खुलासा

सहारनपुर के रामपुर मनिहारान कस्बे में हुए शिवकुमार हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि शिवकुमार की हत्या से कुछ देर पहले भी उसका आरोपियों के साथ झगड़ा हुआ था। पता चला है कि आरोपी मंजीत अपनी बहन आकांक्षा को जबरदस्ती अपने साथ लेकर घर जाना चाहता था। सहारनपुर के रामपुर मनिहारान कस्बे में हुए शिवकुमार हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी विमला और कर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया है, जो शिवकुमार की पत्नी आकांक्षा की मां और मामा है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। बता दें, कि शामली जिले के गांव खेड़ी बैरागी निवासी





शिवकुमार (27) अपनी पत्नी आकांक्षा को पुलिस भर्ती की परीक्षा दिलाने के लिए मंगलवार को रामपुर मनिहारान स्थित गोचर कृषि इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर आया था। परीक्षा खत्म होने के बाद शिवकुमार अपने ममेरे भाई और आकांक्षा के साथ कार से जा रहा था, तभी रास्ते में आकांक्षा के भाई मंजीत व अन्य आरोपियों ने शिवकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शिवकुमार और आकांक्षा एक ही गांव के रहने वाले थे। दोनों ने चार माह पहले प्रेम विवाह किया था,

## UP: 7 माह पहले गर्भपात बैग में दवाई युवक के फोन से फोटो-वीडियो बॉयज हॉस्टल में छात्रा का शव मिलने की कहानी




वाराणसी में नर्सिंग कॉलेज के बॉयज हास्टल की सीढ़ियों पर जीएनएम छात्रा का शव मिला है। पुलिस और परिवार ने दुष्कर्म की आशंका जताई है। साथ पढ़ने वाले युवक को हिरासत में लिया गया है। छात्रा के पिता पुलिस महकमे में तैनात हैं। छात्रा घर से स्वास्थ्य शिविर में जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वाराणसी के सारनाथ में एक नर्सिंग कॉलेज की जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा की बुधवार की सुबह मौत हो गई। उसका लहूलुहान शव नर्सिंग कॉलेज के बॉयज हॉस्टल की सीढ़ियों पर मिला है। प्राइवेट पार्ट के आसपास भी खून लगा था। दुष्कर्म की आशंका जताई गई है। छात्रा के पिता पुलिस महकमे में तैनात हैं। मूलरूप से बलिया के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, मामले में छात्रा के सहपाठी और जौनपुर निवासी युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। छात्रा और युवक एक दूसरे के काफी करीब थे। छात्रा गर्भवती थी। उसका गर्भपात कराया गया था। रक्तस्राव ज्यादा होने की वजह से मौत हो गई। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी: पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी इन दो जिलों में कटे सबसे ज्यादा नाम बलिया-खीरी में बढ़ गए वोटर

UP Panchayat Elections: यूपी पंचायत चुनाव की अंतिम सूची जारी हो गई है। इस सूची में आजमगढ़ और गाजीपुर ऐसे दो जिले हैं जहां पर सबसे ज्यादा नाम कटे गए हैं। पंचायत चुनाव मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलेवार आंकड़ों में भारी बदलाव हुआ है। आजमगढ़ और गाजीपुर जिलों में सबसे अधिक मतदाताओं के नाम कटे जबकि बलिया और लखीमपुर-खीरी में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। हालांकि जिन मतदाताओं के नाम कटे वह अयोग्य थे। कुछ की मृत्यु हो चुकी है, तमाम डुप्लीकेट व फर्जी पाए गए। वहीं बड़ी संख्या में मतदाता भी हुए हैं



पूर्वांचल के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिले आजमगढ़ में 8,19,646 नाम सूची से हटाए गए। यहां 7,59,299 मतदाता नए जोड़े गए। पिछली बार की अपेक्षा 60,347 मतदाताओं की कमी दर्ज की गई। पुनरीक्षण के बाद यहां अब कुल मतदाता 35,76,287 हैं जबकि इसके पहले चुनाव में ये संख्या 36,36,634 थी। गाजीपुर में 7,15,668 लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए जबकि 6,20,911 जोड़े गए।

# राज्यसभा चुनाव: आज नाम वापसी की अंतिम तारीख, कई उम्मीदवारों का निर्विरोध

नई दिल्ली। राज्यसभा चुनाव के तहत आज नाम वापसी की अंतिम तारीख है। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी और यह भी साफ हो जाएगा कि किन सीटों पर मतदान होगा और किन उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय है। इस बार 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए 18 जून को मतदान होना है। चुनावी मैदान में कुल 26 उम्मीदवार हैं। गुजरात, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम जैसे राज्यों में उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना जताई जा रही है। वहीं मध्य प्रदेश और झारखंड की सीटों पर मुकाबला काफी दिलचस्प बना हुआ है।





मध्य प्रदेश में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद सियासी विवाद गहरा गया है। कांग्रेस इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुकी है। वहीं भाजपा तीसरी सीट पर जीत का दावा कर रही है। झारखंड में भी निर्दलीय उम्मीदवार के मैदान में उतरने से राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं और क्रॉस वोटिंग की चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक दल राज्यसभा में अपना संख्या बल बढ़ाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। ऐसे में आज नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। अब सभी की नजरें अंतिम उम्मीदवारों की सूची और 18 जून को होने वाले मतदान पर टिकी हैं।

# क्या कॉकरोच बन सकता है चुनाव चिन्ह? जानिए चुनाव आयोग के नियम

नई दिल्ली। हाल के दिनों में 'कॉकरोच जनता पार्टी' को लेकर सोशल मीडिया पर एक सवाल तेजी से चर्चा में है कि क्या किसी राजनीतिक दल को कॉकरोच जैसा चुनाव चिन्ह मिल सकता है? इस बहस ने चुनाव चिह्नों को लेकर चुनाव आयोग के नियमों को फिर चर्चा में ला दिया है। भारत में चुनाव चिह्नों का आवंटन निर्वाचन आयोग करता है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आरक्षित चुनाव चिह्न दिए जाते हैं, जबकि अन्य दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को फ्री सिंबल आवंटित किए जाते हैं। कोई नई पार्टी अपनी पसंद के कुछ चुनाव चिह्नों का प्रस्ताव आयोग को दे सकती है, लेकिन अंतिम फैसला चुनाव आयोग का होता है।




नियमों के अनुसार कोई नया चुनाव चिह्न किसी मौजूदा प्रतीक से मिलता-जुलता नहीं होना चाहिए और उसमें किसी पशु या पक्षी का चित्र भी नहीं होना चाहिए। यही कारण है कि कॉकरोच, कुत्ता, बिल्ली, शेर, बाघ या अन्य जीव-जंतुओं को नए चुनाव चिह्न के रूप में मंजूरी मिलने की संभावना बेहद कम होती है। हालांकि पहले कई राजनीतिक दलों को हाथी, बाघ और अन्य पशु-आधारित चुनाव चिह्न आवंटित किए जा चुके हैं। इसलिए पुराने दल अपने पारंपरिक प्रतीकों का उपयोग जारी रख सकते हैं, लेकिन नए दलों के लिए ऐसे प्रतीकों पर सख्त नियम लागू हैं।

# भारत के पहले स्वदेशी C-295 विमान का सफल परीक्षण, वायुसेना को मिलेगी नई ताकत



C-295 एक मध्यम श्रेणी का सामरिक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों और सैन्य उपकरणों के परिवहन, पैराट्रूपर्स को उतारने, चिकित्सा निकासी, आपदा राहत और विशेष अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। यह विमान एक बार में 70 सैनिक, 48 पैराट्रूपर्स या 24 मेडिकल स्ट्रेचर तक ले जाने में सक्षम है। विमान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी छोटी, कच्ची और अर्ध-तैयार हवाई पट्टियों से भी उड़ान भरने और उतरने की क्षमता है। इसके कारण यह दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों, सीमावर्ती इलाकों और दूरस्थ सैन्य ठिकानों तक तेजी से पहुंच सकता है। यही वजह है कि यह भारतीय वायु सेना के पुराने एवरो-748 बेड़े का प्रभावी विकल्प माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि C-295 के शामिल होने से भारतीय वायु सेना की लॉजिस्टिक क्षमता, सैनिकों की त्वरित तैनाती और आपातकालीन राहत अभियानों की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही भारत का रक्षा उत्पादन क्षेत्र भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा, जिससे देश की आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण क्षमता और मजबूत होगी।

नई दिल्ली। भारत में निर्मित पहले C-295 सैन्य परिवहन विमान ने सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी कर ली है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने इस उपलब्धि को देश की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमता के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया है। वायुसेना ने विमान के सफल परीक्षण के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय वायु सेना लगभग 21,935 करोड़ रुपये की लागत से कुल 56 C-295 परिवहन विमान अपने बेड़े में शामिल कर रही है। इनमें से 16 विमान सीधे एयरबस द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण गुजरात के वडोदरा स्थित टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के संयंत्र में एयरबस के सहयोग से किया जाएगा। यह पहली बार है जब भारत में इस स्तर का आधुनिक सैन्य परिवहन विमान तैयार किया जा रहा है।

# मणिपुर में 6 नगाओं की हत्या पर भड़के नागालैंड CM, बोले- यह अमानवीय और भयावह कृत्य



कोहिमा। मणिपुर में छह नगा समुदाय के लोगों की कथित हत्या के मामले ने पूर्वोत्तर में एक बार फिर तनाव बढ़ा दिया है। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे "अमानवीय और भयावह कृत्य" बताया है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री रियो ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है, खासकर तब जब नगा संगठनों ने अपनी हिरासत में मौजूद 14 बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की थी। उन्होंने बताया कि चर्च संगठनों और नगा नागरिक समाज समूहों की पहल पर मानवीय आधार पर यह रिहाई कराई गई थी, जिसमें उन्होंने स्वयं भी बातचीत की प्रक्रिया में भाग लिया था। रियो ने कहा कि नगा संगठनों ने कठिन परिस्थितियों में भी संयम, शांति और मानवीय मूल्यों का परिचय दिया, लेकिन इसके बावजूद छह नगा लोगों की हत्या की खबर ने पूरे समुदाय को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना नगा समाज की अंतरात्मा को गहरी चोट पहुंचाने वाली है। नागालैंड के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और मणिपुर सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इसी से लोगों का विश्वास बहाल किया जा सकता है। रियो ने नागालैंड, मणिपुर और नगा बहुल क्षेत्रों के लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो मणिपुर की पहले से नाजुक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

# मोहरा' के 30 साल बाद फिर साथ दिखेंगे

## अक्षय-सुनील और रवीना, देखें 'वेलकम टू द जंगल



1994 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मोहरा' के पूरे 30 साल बाद अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन की सुपरहिट तिकड़ी एक बार फिर पर्दे पर साथ वापसी कर रही है। ये तीनों कलाकार जल्द ही कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में एक साथ नजर आएंगे। रवीना ने आज 'वेलकम 3' के सेट से कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल फिर से जीत लिया है।

# सपना चौधरी का क्रिप्टिक पोस्ट



हरियाणवी इंडस्ट्री की डांसिंग क्वीन सपना चौधरी की शादीशुदा जिंदगी में तूफान आ गया है। उन्होंने अपने पति वीर साहू पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया है। इसके बाद दिल्ली की द्वारका कोर्ट ने मंगलवार को सपना चौधरी को घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत दायर मामले में अंतरिम राहत प्रदान की। इस बीच हाल ही में सपना चौधरी ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके क्रिप्टिक कैप्शन ने सभीकाध्यान खींचा है।

सपना चौधरी ने लिखा है, 'सुनो सखी..., कुछ तो लोग कहेंगे, वरना बेचारे जिंदा कैसे रहेंगें? उनका काम है कहना, तुम बस बनी रहो 'बहरा' और अपने चेहरे की मुस्कुराहट को पूरी तरह बरकरार रखो'। ऐसे वक्त में जब सपना चौधरी निजी जिंदगी में आई उथल-पुथल को लेकर सुर्खियों में हैं, उनका यह पोस्ट वायरल हो रहा है।

# गौरी स्प्रैट का हाथ पकड़े दिखे आमिर खान

## जुलाई में शादी की पुष्टि के बाद पहली बार नजर आया कपल



हाल ही में आमिर खान ने महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए इस बात की पुष्टि की कि वह और गौरी 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे।'वैरायटी इंडिया' से बात करते हुए, एक्टर ने अपनी शादी से जुड़ी खबरों की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'मैं अभी अमेरिका में हूं। शादी की खबर सच है। शादी 5 जुलाई को है।'खबरों के अनुसार, आमिर की शादी एक निजी और करीबी लोगों के बीच होने वाला कार्यक्रम होगा। यह समारोह आमिर के घर पर होगा और इसमें परिवार के करीबी सदस्य और दोस्त शामिल होंगे। मेहमानों की कोई आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है, लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि शाहरुख खान और सलमान खान इसमें शामिल हो सकते हैं।दिलचस्प बात यह है कि आमिर ने पहले कहा था कि शादी को लेकर वह जल्दी में नहीं हैं। हालांकि, हाल ही में उन्होंने बताया कि वह और गौरी दोनों अब अपने रिश्ते को औपचारिक रूप देने के लिए तैयार महसूस कर रहे हैं।बेंगलुरु में रहने वाली और वेलनेस और ब्यूटी इंडस्ट्री में काम करने वाली गौरी, पहली बार मार्च में आमिर के 60वें जन्मदिन के जश्न के दौरान चर्चा में आईं। तब एक्टर ने उन्हें मीडिया से मिलवाया और बताया कि वे वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे, फिर दोबारा जुड़े और आखिरकार उन्हें प्यार हो गया। गौरी से मिलने से पहले, आमिर की शादी फिल्ममेकर किरण राव से हुई थी। इस पूर्व कपल ने 2005 में शादी की थी और उनका बेटा आजाद हुआ। 16 साल की शादी के बाद 2021 में उन्होंने अलग होने की घोषणा की। उससे पहले, आमिर की शादी 1986 में रीना दत्ता से हुई थी, जो 2002 तक चली। उनके दो बच्चे हैं, जुनैद खान और आयरा खान


# 370 की बिरयानी' वाले मजाक पर

## आग बबूला हुईं कुशा कपिला, कॉमेडियन प्रणीत पर कसा तंज



कंटेंट क्रिएटर, इंफ्लुएंसर से एक्ट्रेस बनीं कुशा कपिला ने स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे और उनके शो में हुई '370 की बिरयानी' वाली कंट्रोवर्सी पर अपने गुस्सा जाहिर किया है। शो के वायरल वीडियो और उससे जुड़े विवाद पर कुशा खुलकर बोली हैं। साथ ही महिलाओं को भी एक खास संदेश एक्ट्रेस ने दिया है। कुशा कपिला ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में कुछ वीडियो पोस्ट किए। जिसमें वह कहती हैं, 'आपने (कंटेंट क्रिएटर) वह वीडियो एडिट करवाकर पब्लिश करवाई, उसके लिए आपकी भी जिम्मेदारी बनती है।' कुशा का मानना है कि ऐसा मटीरियल अपलोड करना एक सोच-समझकर लिया गया फैसला है। वह आगे कहती हैं, 'मैं महिलाओं से अपील करती हूं कि वे घटिया कॉमेडी के खिलाफ खुलकर बोलें। कृपया डरें नहीं। अगर किसी ने बकवास की है, तो उसकी जमकर आलोचना करें। ऐसी क्लिप अपलोड करना एक सोच-समझकर लिया गया फैसला होता है। कुछ खास तरह के मजाक करना और उन्हें अपने चैनल पर दिखाना भी आपका फैसला है। वैसे यह कॉमेडी नहीं है। यह ऐसा कंटेंट है जिसे रिएक्शन पाने के लिए बनाया गया है।'

# दिल्ली में गुरु रंधावा के जिम के बाहर फायरिंग, हमले के पीछे लॉरेंस गैंग



दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित गायक गुरु रंधावा के जिम पर गुरुवार सुबह अंधाधुंध फायरिंग की घटना हुई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अमेरिका में बैठे सदस्य अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी ली।पश्चिम विहार स्थित गायक गुरु रंधावा के जिम पर गोलीबारी की घटना सामने आई है। इस वारदात में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लिया है और इसकी छानबीन शुरू कर दी है।गैंग ने पहले भी गुरु रंधावा को इस बारे में चेतावनी दी थी। अनिल पंडित के अनुसार, गुरु रंधावा ने इन चेतावनियों को नजरअंदाज किया। इसी कारण से यह गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस टीम सभी पहलुओं से जांच कर रही है।पश्चिम विहार में यह महत्वपूर्ण घटना हुई है। यह घटना प्रसिद्ध गायक गुरु रंधावा के जिम से संबंधित है। उनके जिम परिसर पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की है। गोलीबारी की इस वारदात में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिलने से राहत की खबर है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य अनिल पंडित ने हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने सोशल मीडिया पर अपने दावे को सार्वजनिक किया है। अनिल पंडित ने कहा कि गुरु रंधावा को सलमान खान से दूरी बनाने को कहा गया था। पुलिस इस मामले की विस्तृत छानबीन कर रही है। वे गोलीबारी करने वालों की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही, अनिल पंडित के दावों की सत्यता की भी जांच की जा रही है।

## Explainer: आर्थिक कमजोरी या एआई की लहर

# MSCI इंडेक्स में क्यों पिछड़ गईं भारतीय कंपनियां



एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारतीय कंपनियों की रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार इसकी वजह आर्थिक कमजोरी नहीं बल्कि वैश्विक एआई बूम और बदलते निवेश पैटर्न हैं।दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स के शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान शेयरों की सूची में अब एक भी भारतीय कंपनी नहीं है। शीर्ष-100 कंपनियों में भी कोई भारतीय नहीं है। 100 अरब डॉलर से बड़े मार्केट कैप वाले क्लब में सिर्फ तीन कंपनियां (रिलायंस, एचडीएफसी, एयरटेल) बची हैं, जिनकी संख्या पहले 6 थी। इसका कारण भारत की आर्थिक कमजोरी नहीं है, बल्कि दुनिया में आई एआई की लहर है। इसने उभरते बाजारों का नक्शा ही बदल दिया है और भारत अब इसके असर को महसूस करने लगा है।यह कहानी वैश्विक निवेशकों की बदलती पसंद की है। दुनियाभर के निवेशक एआई ।

### एमएससीआई इंडेक्स की आखिर क्या है अहमियत

एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स दुनिया के बड़े विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए बेंचमार्क की तरह है। दुनियाभर का 700 अरब डॉलर का पैसिव फंड इस इंडेक्स पर नजर रखता है और इसी के आधार पर अलग-अलग देशों के शेयर बाजारों में निवेश करता है। जब इंडेक्स में किसी देश का वजन बढ़ता है, तो विदेशी पूंजी अपने आप उस देश के बाजारों में खिंची चली आती है। इसका प्रभाव जब घटता है, तो विदेशी निवेशक अपना पैसा निकालने लगते हैं। इस समय भारत का प्रभाव इस इंडेक्स में लगातार नीचे खिसक रहा है। कुछ महीने पहले यानी मार्च तक इस इंडेक्स के शीर्ष-10 में भारत के दो सबसे बड़े दिग्गज एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज क्रमशः 7वें एवं 8वें स्थान पर काबिज थे। अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। एचडीएफसी बैंक खिसककर 11वें और रिलायंस 12वें स्थान पर आ गई है। सिर्फ कंपनियों की रैंकिंग ही नहीं गिरी है, बल्कि इंडेक्स में भारत का कुल वेटेज घटकर 6 साल के निचले स्तर 10.87 फीसदी पर आ गया है। यह 2024 में दर्ज किए गए रिकॉर्ड स्तर से करीब आधा है।

## The Bonus Market Update:

# शेयर बाजार फिसला; सेंसेक्स 400 अंक गिरा



**Sensex Opening Bell:** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन बिकवाली का माहौल दिखा। शुरुआती कारोबार में प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी टूट गए हैं। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से।घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान बिकवाली का माहौल दिखा। शुरुआती कारोबार में प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक टूट गए। सेंसेक्स करीब 400 अंकों तक फिसल गया, वहीं दूसरी ओर निफ्टी 23100 के करीब पहुंच गया। शुरुआती कारोबार के दौरान एचसीएल टेक और एशियन पेंट्स के शेयरों में दो-दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर 95.60 पर आ गया।पश्चिम एशिया में फिर से भड़के भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में उम्मीद से ज्यादा महंगाई के आंकड़ों ने वैश्विक शेयर बाजारों में हड़कंप मचा दिया है। इसका सीधा असर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा, जहां प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी भारी गिरावट के साथ लाल निशान में खुले। ईरान पर ताजा अमेरिकी सैन्य हमलों और अहम व्यापारिक मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' के बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल आ गया है, जिसने निवेशकों के बीच भारी घबराहट पैदा कर दी है। शेयर बाजार में इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव है। अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए ताजा सैन्य हमलों और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के बंद होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेजी आई है। तेल महंगा होने की आशंका ने निवेशकों को डरा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप बाजार से तेजी से पैसा निकाला जा रहा है।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सात संकल्प वैष्णव ने बताया अहमदाबाद मेट्रो फेज-2 को मंजूरी,



मोदी कैबिनेट के ताजा फैसलों की पूरी जानकारी आसान भाषा में। अमरावती में नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, अहमदाबाद मेट्रो फेज 2ए का विस्तार और पीएम मोदी के ऐतिहासिक रिकॉर्ड के बारे में जानने के लिए अभी पढ़ें!केंद्र सरकार ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को रफ्तार देने के लिए अहम कदम उठाए हैं। केंद्रीय कैबिनेट की हालिया बैठक में कई बड़े और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले लिए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश के अमरावती के विकास से लेकर गुजरात के अहमदाबाद में मेट्रो रेल के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, देश के राजनीतिक इतिहास में एक नया मील का पत्थर भी जुड़ गया है। आइए, आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार के इन फैसलों में क्या-क्या शामिल है।

### पीएम मोदी के नाम कौन सा ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज हुआ

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है।आंध्र प्रदेश के अमरावती को विकसित करने की दिशा में केंद्र ने अहम कदम उठाया है। कैबिनेट ने अमरावती में केंद्र सरकार की दो प्रमुख अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है। इसमें दो प्रमुख निर्माण शामिल हैं

शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' (Phase 2A) को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इस कॉरिडोर में कुल पांच नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी।



इस नए मेट्रो कॉरिडोर के चालू होने के बाद गुजरात के दो प्रमुख शहरों (अहमदाबाद और गांधीनगर) की कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी। चरण 2ए का काम पूरा होने और इसके शुरू होने पर, अहमदाबाद-गांधीनगर मार्ग पर कुल 77.63 किलोमीटर लंबा एक सक्रिय और विशाल मेट्रो रेल नेटवर्क आम जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।आंध्र प्रदेश के अमरावती को विकसित करने की दिशा में केंद्र ने अहम कदम उठाया है। कैबिनेट ने अमरावती में केंद्र सरकार की दो प्रमुख अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है। इसमें दो प्रमुख निर्माण शामिल हैं

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है। इन सात संकल्पों में कौशल विकास को प्राथमिकता देने के साथ-साथ खेल जगत और फिटनेस के लिए कार्यक्रम चलाने का आह्वान भी शामिल है,जो भारतीय कॉर्पोरेट और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक कुशल, नवोन्मेषी और स्वस्थ कार्यबल तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।

# Anil Ambani: अनिल अंबानी को मिली

### अंतरिम राहत, काला धन अधिनियम के तहत कार्रवाई पर उच्च न्यायालय की रोक



बॉम्बे हाईकोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी को काला धन अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत दी है। अंबानी ने अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। आयकर विभाग ने उन पर 420 करोड़ रुपये की कर चोरी का आरोप लगाया है। आइए इस उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दे दी है। अदालत ने उन्हें काला धन अधिनियम के तहत उन पर मुकदमा चलाने और जुर्माने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है।

न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने मंगलवार को यह आदेश दिया। पीठ ने नोट किया कि इस अधिनियम के खिलाफ अन्य याचिकाएं भी दायर की गई हैं। अदालत ने अंबानी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को इस याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।अदालत ने यह भी कहा कि अंबानी के खिलाफ एक मूल्यांकन आदेश पहले ही पारित हो चुका है।

# Aaj Ka Rashifal 11 June:

## इन पांच राशि वालों के जीवन में बड़ा बदलाव और धन लाभ के योग,

11 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 11 जून 2026 का राशिफल।11 मई को वैदिक पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ अधिक मास की एकादशी तिथि है। इस दिन चंद्रमा का गोचर मीन राशि में रहेगा और रेवती नक्षत्र का योग बनेगा। ऐसे में कुछ राशि वालों के लिए दिन अच्छे मौके ला सकता है।





### मेष

आज आपके अंदर गजब की ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। मन में कुछ नया करने की प्रेरणा जागेगी और उसका असर आपके काम और बिजनेस दोनों में साफ नजर आएगा। अधूरे काम तेजी से पूरे होंगे और कारोबार में भी रफ्तार आएगी। अगर किसी नई पार्टनरशिप का विचार चल रहा है, तो थोड़ा ठहरकर फैसला लें। संतान की खुशी के लिए नया वाहन लेने का मन बना सकते हैं। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी, लेकिन पिताजी की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है।



### वृषभ

आज मन थोड़ा उलझा-उलझा रह सकता है। किसी काम को लेकर डर या असमंजस आपको बेचैन करेगा, लेकिन धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। किसी की बातों में आकर जल्दबाजी में फैसला न लें। प्रॉपर्टी से जुड़ा मामला आपके पक्ष में जा सकता है। पानी से जुड़ी जगहों पर सावधानी रखें। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को मेहनत जारी रखनी होगी, क्योंकि सफलता धीरे-धीरे ही सही लेकिन जरूर मिलेगी।



### मिथुन

आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी। आय बढ़ाने के मौके मिलेंगे और भविष्य को लेकर आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ससुराल पक्ष से मुलाकात रिश्तों में मिठास लाएगी। परिवार की बातों को घर तक ही सीमित रखें, वरना छोटी बात बड़ा रूप ले सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद रुके हुए काम पूरे करवाएगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख ज आपके बहुत काम आने वाली है।



### कर्क

आज का दिन प्रगति और सहयोग से भरा रहेगा। वरिष्ठ लोगों का साथ मिलने से काम तेजी से पूरे होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई पुराना दोस्त अचानक मिल सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। संतान से किया वादा निभाना जरूरी रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं।



### सिंह

आज भाग्य आपका साथ देगा और अटके हुए काम आगे बढ़ते नजर आएंगे। अगर किसी काम में रुकावटें थीं, तो अब रास्ता साफ होगा। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें। किसी दूर के रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर मिल सकती है। आसपास के लोगों को पहचानकर चलें, क्योंकि कुछ लोग आपकी तरक्की से जल सकते हैं। बैंक से लोन लेने के लिए दिन अनुकूल रहेगा।



### कन्या

आज आपको संतुलन और सावधानी दोनों की जरूरत होगी। संतान की संगति पर नजर रखें और वाहन चलाते समय भी पूरी सतर्कता बरतें। पुराने लेन-देन का बोझ कम होने से राहत महसूस होगी। शौक और पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन करेगा। प्रेम जीवन में मिठास बनी रहेगी और साथी के साथ बाहर घूमने का मौका मिल सकता है।



### तुला

आज का दिन सुकून और अपनापन लेकर आएगा। जीवनसाथी का साथ आपको मानसिक मजबूती देगा और रिश्तों में प्यार बढ़ेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरने की कोशिश करेगी। छोटे बच्चों के लिए कुछ खास खरीदने का मन बनेगा। माताजी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना जरूरी होगा। दोस्तों के साथ बिताया समय आपके तनाव को कम करेगा।



### वृश्चिक

आज का दिन मिला-जुला लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। विरोधियों पर आपकी पकड़ मजबूत रहेगी और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। बिजनेस से जुड़ा कोई काम आपको यात्रा पर ले जा सकता है। गुस्से पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदा दिला सकती है।



### धनु

आज व्यापार और करियर दोनों के लिए अच्छा दिन रहेगा। सेहत में सुधार महसूस होगा, लेकिन धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी बात साफ-साफ रखें। घूमने-फिरने का प्लान बन सकता है और माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी।



### मकर

आज सेहत के मामले में राहत मिलेगी और माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सौभाग्य लेकर आएगा। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। जिम्मेदारियों को टालने से बचें। संतान की भावनाओं को समझने की कोशिश करें, इससे रिश्ते मजबूत होंगे। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलने के संकेत हैं। आसपास के लोगों की नीयत पहचानकर चलना जरूरी रहेगा।



### कुंभ

आज मेहनत का फल साफ नजर आएगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी, जिससे बड़े फैसले लेने में आसानी होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। पार्टनरशिप से जुड़े कामों में कागजी प्रक्रिया ध्यान से पूरी करें। नया घर या संपत्ति खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है।



### मीन

आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। समझदारी से किया गया निवेश अच्छा फायदा दे सकता है। बिजनेस में सफलता के संकेत हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने से राहत मिलेगी। प्रेम जीवन में नई खुशियां आएंगी और साथी का साथ मन को सुकून देगा। आपकी मीठी वाणी लोगों को आकर्षित करेगी, लेकिन विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा।

# Aaj Ka Love Rashifal 11 June:

## मेष राशि को मिलेगा पार्टनर का प्यार, तुला राशि के लिए बन रहे रोमांटिक योग



**Love Horoscope 11 June 2026:** ज्येष्ठ अधिक मास की एकादशी, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र और सौभाग्य योग के शुभ प्रभाव से प्रेम संबंधों में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं । जानें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का लव राशिफल।

### मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope):

आज प्रेम जीवन में खुशियों की बहार आ सकती है। पार्टनर आपकी पसंद-नापसंद का खास ध्यान रखेंगे और आपको खास महसूस कराने की कोशिश करेंगे। सिंगल जातकों की अपने क्रश के साथ बातचीत बढ़ सकती है, जिससे रिश्ते में नजदीकियां आने के संकेत हैं।

### वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope):

आज रिश्तों में धैर्य बनाए रखने की जरूरत होगी। पार्टनर के व्यवहार में कुछ बदलाव आपको परेशान कर सकते हैं। सिंगल लोग नए लोगों से बातचीत करने या ऑनलाइन किसी खास व्यक्ति से जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

### मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope):

प्रेम संबंधों के लिए दिन रोमांटिक रह सकता है। हालांकि शादीशुदा लोगों को छोटी-छोटी बातों से बचकर रहना होगा। सिंगल जातकों की क्रश के साथ किसी मुद्दे पर हल्की नोकझोंक हो सकती है।

### कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope):

आज आप अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने के बारे में विचार कर सकते हैं। पार्टनर के साथ भविष्य की योजनाओं पर चर्चा संभव है। सिंगल लोगों को किसी नए व्यक्ति से जुड़ने का अवसर मिल सकता है

### सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope):

सिंगल जातक अपने मन की भावनाओं को व्यक्त करने का साहस नहीं जुटा पाएंगे। प्रेम संबंधों में रोमांस और आकर्षण बढ़ेगा। वहीं विवाहित लोगों को जीवनसाथी के साथ समय बिताने की इच्छा रहेगी, लेकिन व्यस्तता आड़े आ सकती है।

### कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope):

आज प्रेम जीवन थोड़ा सामान्य रह सकता है। रिश्ते में नई ऊर्जा लाने के लिए आपको अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं। सिंगल जातकों के लिए दिन रोमांटिक अवसरों से भरा रह सकता है।

### तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope):

पार्टनर के साथ बिताए गए पल यादगार बन सकते हैं। प्रेम संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। सिंगल लोगों को अपने क्रश के साथ अच्छा समय बिताने और दिल की बात साझा करने का मौका मिल सकता है।

### वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope):

आज अपने दिल की बात खुलकर कहने में हिचकिचाएं नहीं। आपकी ईमानदारी रिश्ते को मजबूत बना सकती है। सिंगल जातकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने क्रश पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रहेंगे।

### धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope):

किसी कारण से पार्टनर से दूरी महसूस हो सकती है, जिससे मन थोड़ा उदास रहेगा। हालांकि विवाहित लोगों को जीवनसाथी के साथ कुछ खूबसूरत और रोमांटिक पल बिताने का अवसर मिलेगा। सिंगल जातक अपने क्रश को लेकर थोड़े भावुक रह सकते हैं।

### मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope):

आज पार्टनर के साथ बिताया गया समय आपके रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। प्रेम और अपनापन दोनों का अनुभव होगा। सिंगल लोगों का मन किसी खास व्यक्ति से मिलने और बातचीत करने के लिए उत्सुक रहेगा।

### कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope):

रिश्ते में रोमांस और गर्मजोशी बनाए रखने के लिए पार्टनर विशेष प्रयास कर सकते हैं। शादीशुदा लोगों को जीवनसाथी के साथ निजी और सुखद पल बिताने का मौका मिलेगा। सिंगल जातक अपने क्रश को प्रभावित करने के लिए कोई खास कदम उठा सकते हैं

### मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope):

आज प्रेम और रोमांस आपकी प्राथमिकता रह सकते हैं। शादीशुदा लोगों का जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। प्रेम संबंधों में पार्टनर आपको खुश करने की हर संभव कोशिश करेगा। सिंगल जातकों को अपने क्रश से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

# IND A vs AFG A Live Score:

## प्रभसिमरन सिंह ने अफगानिस्तान ए के खिलाफ जड़ा पचासा ऋतुराज के साथ साझेदारी जारी



**IND A vs AFG A Live Score, Tri Nation A Series:** भारत ए और अफगानिस्तान ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज का मुकाबला चल रहा है। अफगानिस्तान ए ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। भारत ए और अफगानिस्तान ए के बीच दांबुला में त्रिकोणीय सीरीज का मुकाबला खेला जा रहा है। अफगानिस्तान ए ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। भारत को वैभव सूर्यवंशी और प्रभसिमरन ने अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन वैभव अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। वैभव के आउट होने के बाद प्रियांश आर्या भी पवेलियन लौट गए। फिलहाल क्रीज पर प्रभसिमरन सिंह और ऋतुराज गायकवाड़ मौजूद हैं। प्रभसिमरन ने अच्छी बल्लेबाजी जारी रखी है और अर्धशतक पूरा कर लिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए को वैभव और प्रभसिमरन ने दमदार शुरुआत दिलाई। वैभव श्रीलंका ए के खिलाफ पिछले मैच में नहीं चले थे, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ उनका बल्ला जमकर गरजा। वैभव इस मैच में आईपीएल वाली फॉर्म में ही नजर आ रहे थे। लेकिन अब्दुल्लाह अहमदजई ने विकेट के पीछे वैभव को कैच कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। वैभव 22 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। वैभव और प्रभसिमरन के बीच पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद अहमदजई ने प्रियांश आर्या को भी अपना शिकार बनाया जो नौ गेंदों पर एक छक्के की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए।

# Team India:

## रोहित-विराट की मौजूदगी में गौतम नहीं बना पा रहे गंभीर योजनाएं बीसीसीआई के संपर्क में हैं Ro-Ko



वनडे विश्व कप को होने में अभी एक साल से अधिक का समय शेष है, लेकिन भारत ने इसकी तैयारियों पर काम करना शुरू कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं। भारतीय क्रिकेट टीम 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों में जुट गई है, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोच गंभीर जिस तरह टेस्ट और टी20 क्रिकेट में अपनी बात रखते हैं, उतनी हनक के साथ वनडे में नहीं। इसका कारण वनडे टीम में दो दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा का होना है। ये दोनों 2027 का विश्व कप खेलना चाहते हैं और भविष्य को लेकर बीसीसीआई के शीर्ष नेतृत्व के सीधे संपर्क में हैं। इस वजह से मुख्य कोच गंभीर, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान शुभमन गिल टीम गठन को लेकर पशोपेश में हैं। बताते हैं कि जब ये दोनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में होते हैं, तब गंभीर अपनी योजनाओं को खिलाड़ियों के बीच ठीक से साझा नहीं कर पाते। कप्तान गिल भी संकोच में रहते हैं। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भारत के सफेद गेंद के नेट सत्र में शामिल हुए तथा युवा और उभरते सितारों की मौजूदगी के बावजूद आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## Women's T20 World Cup: क्या टी20 में खिताब का सूखा खत्म कर पाएगी भारतीय टीम? जानें क्यों है प्रबल दावेदार



महिला टी20 विश्व कप को शुरू होने में अब एक दिन का समय शेष रह गया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट को पहली बार जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत का पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान से होगा, लेकिन उससे पहले जानते हैं कि क्यों इस बार भारतीय टीम दावेदार नजर आ रही है महिला टी20 विश्व कप का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारतीय महिला टीम ने अब तक कभी भी टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है, लेकिन इस बार वह इसकी प्रब दावेदार नजर आ रही है। भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम इस बार काफी दमदार नजर आ रहा है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना बढ़िया दौर से गुजर रही हैं। इन दोनों ही सलामी बल्लेबाजों का रिकॉर्ड इंग्लैंड की धरती पर कमाल का रहा है। इसके साथ ही जेमिमा रोड्रिग्स लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने में माहिर हैं। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत कौर अपनी बल्लेबाजी के बूते किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखती हैं। भारतीय टीम के लिहाज से अच्छी बात यह है

# Nightclub Controversy:

## बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन का कटा दूसरे टेस्ट से पत्ता जो रूट को मिली इंग्लैंड की कमान



बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन का इंग्लैंड टीम से पत्ता कट गया है। दोनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 जून से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मुकाबले के लिए चुने गए स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। ईसीबी ने जो रूट को टीम की कमान सौंपी है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ द ओवल (17 जून) में जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। यह फैसला हाल ही में सामने आए नाइटक्लब विवाद के बाद लिया गया। वहीं, अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है।

## ICC Test Rankings: हैरी ब्रूक बने नंबर-1 बल्लेबाज जो रूट तीसरे स्थान पर खिसके शुभमन गिल शीर्ष-10 में

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने जो रूट को पीछे छोड़कर नंबर-1 बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया, जबकि शुभमन गिल शतक के दम पर आठवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं गस एटकिंसन टेस्ट गेंदबाजों के टॉप-10 में शामिल हुए और वनडे रैंकिंग में अबरार अहमद दूसरे तथा शाहीन अफरीदी नौवें स्थान पर पहुंच गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने ही देश के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है।



वहीं ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रूट तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 56 रन की अहम पारी खेलकर इंग्लैंड को कम स्कोर वाले मुकाबले में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके विपरीत जो रूट दोनों पारियों में केवल 1 और 8 रन ही बना सके। इसी प्रदर्शन का असर ताजा रैंकिंग में देखने को मिला और ब्रूक 2024 के बाद पहली बार फिर से नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बने।

भारत के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार 126 रन की शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पारी और 300 रन से बड़ी जीत दर्ज की। गिल को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है और अब वह टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने लॉर्ड्स टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच में कुल सात विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में पांच विकेट शामिल रहे। आठवें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













